# 15 हे जनशक्ति महान !

**रांगेय राघव**
**( जन्म : सन् 1923 ई., निधन : सन् 1962 ई. )**

रांगेयजी कवि, उपन्यासकार, विचारक तथा कहानीकार हैं । उनके द्वारा लिखा गया साहित्य मात्रा की दृष्टि से ही नहीं, गुणवत्ता की दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण है ।

रांगेय राघव ने इतिहास, समाज और व्यक्ति की मनोवृत्ति का चित्रण करते हुए अनेक उपन्यास तथा कहानियाँ लिखी हैं । इनमें मुख्य हैं - 'रामानुज', 'घरौंदा', 'विषादमठ', 'लोई का ताना', 'पक्षी और आकाश', 'कब तक पुकारूँ', 'राई का पर्वत', 'पथ का पाप', 'मुर्दों का टीला' आदि । 'मेधावी' उनका प्रबंध काव्य है तथा 'पिघलते पत्थर', 'राह के दीपक' में उनकी कविताएँ संकलित हैं ।

प्रस्तुत गीत में कवि रांगेयजी ने भारत की जनशक्ति को जगाने का आह्वान किया है । ये इस विराट 'जनशक्ति' की चेतना द्वारा भारत में महाक्रांति लाना चाहते हैं जिसके द्वारा एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना चाहते हैं जहाँ लोग अमन-चैन से रह सकें । कवि ने भारतीय जनशक्ति को नवयुग का अग्रदूत बताया है ।

---

हे जनशक्ति महान !
जागो और जगाओ ।
हम पृथ्वी पर स्वर्ग बनायेंगे
हम दुनिया नयी बसायेंगे
हम महाजागरण गर्जन कर
अविराम चेतना लायेंगे
हे मजदूर किसान !
जागो और जगाओ ।
हम जलती आग बुझायेंगे
मानव संतोष जगायेंगे
हम ज्योति लिये उन्नति-पथ पर
अविरत बढ़ते ही जायेंगे
हे जन गौरव प्राण !
जागो और जगाओ ।
हम श्रम का वंदन करते हैं
मेधा का गायन करते हैं
हम मानव का निर्माण अमर
लख कर सुख गर्जन करते हैं
हे जीवन अभिमान !
जागो और जगाओ ।
हम हैं नवयुग के अग्रदूत
हम काल-जलधि-नाविक अभूत
हम साम्य-दीप के नव प्रकाश
हम विजयोन्मादी क्रान्ति पूत
हे प्रदीप्त गतिमान !
जागो और जगाओ ।

## शब्दार्थ

**अविराम** निरंतर **चेतना** जागृति होश, बुद्धि, समझ **ज्योति** प्रकाश **उन्नति** प्रगति **पथ** रास्ता **मेधा** बुद्धि **अग्रदूत** अग्रणी **जलधि** सागर **नाविक** मल्लाह **अभूत** जो हुआ न हो **पूत** पुत्र **प्रदीप्त** प्रकाशित

## स्वाध्याय

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर खाली जगह भरिए :**

(1) जनशक्ति की चेतना द्वारा भारत में ......... लाना चाहिए ।

(अ) नवचेतना (ब) परिवर्तन (क) महाक्रांति (ड) नवयुग

(2) हम हैं नवयुग के ......... ।

(अ) निर्माता (ब) वाहक (क) अग्रदूत (ड) पहरेदार

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

(1) कवि ने जनशक्ति को संबोधित करते हुए क्या कहा है ?

(2) महाजागरण गर्जन से किसकी प्राप्ति होगी ?

(3) हम नवयुग के अग्रदूत कैसे बन सकते हैं ?

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के सविस्तार उत्तर लिखिए :**

(1) कवि ने मजदूर एवं किसान को क्या प्रेरणा दी है ?

(2) 'हे जनशक्ति महान' गीत के माध्यम से कवि ने जनमानस को क्या संदेश दिया है ?

**4. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

अविराम, मेधा, अभिमान, जलधि

**5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :**

संतोष, निर्माण, प्रकाश, विजय

**6. निम्नलिखित शब्दों की संधि-विच्छेद कीजिए :**

उन्नति, नाविक, विजयोन्मादी

## योग्यता-विस्तार

- 'आधुनिक हिन्दी कविता' प्राप्त करते उसमें से 'कर्मवीर' (हरिऔध), 'मेरा जीवन' (सुभद्राकुमारी चौहान), पढ़िए और इन काव्यों से उनकी तुलना कीजिए ।

## शिक्षक-प्रवृत्ति

- इस प्रकार की अन्य प्रेरक रचनाएँ छात्रों के सामने प्रस्तुत कीजिए ।

•